Publication – Nav Bharat Times

Headline – Hindustan Motors ne Sports Pajero utari

Edition – Delhi

Page – 13 Date – 13.03.12

पावरफुल इंजन के साथ आई नई पजेरो

इंडिया में स्पोर्ट्स यूटिलिटी वीइकल का सेगमेंट काफी तेजी से बढ़ रहा है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मेन्युफैक्चरर्स (सियाम) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल 2011 से फरवरी 2012 के बीच यूटिलिटी वीइकल्स ने 14.66 पर्सेंट की ग्रोथ की जबकि इसी दौरान पैसेंजर कारों की ग्रोथ सिर्फ 0.31 पर्सेंट रही। बाजार के इसी ट्रेंड को भांपते हुए सोमवार को मित्सुबिशी-हिंदुस्तान मोटर्स ने अपनी ताकतवर एसयूवी पजेरो स्पोर्ट्स को उतारा। फिलहाल यह गाड़ी कंप्लीटली बिल्ट यूनिट के रूप में मिलेगी यानी पूरी तरह से तैयार गाड़ियां इंपोर्ट की जाएंगी लेकिन कंपनी का कहना है कि जल्द ही इसकी इंडिया में असेंबलिंग शुरू कर दी जाएगी।

इंजन : पजेरो स्पोर्ट्स में 2.5 लीटर का डीजल इंजन लगाया गया है, इससे पहले मौजूद पजेरो में 2.8 लीटर का डीजल इंजन था। नया 2.5 लीटर का इंजन 178 बीएचपी की पावर और 400 एनएम का टॉर्क देता है।

फीचर्स : फोर वील ड्राइव के ऑप्शन के साथ एयरबैग्स, एबीएस जैसे सेफ्टी फीचर्स हैं। ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि पजेरो स्पोर्ट्स में ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन भी होगा पर अभी इसका सिर्फ मैनुअल गियरबॉक्स वाला वैरिएंट आया है।

कीमत : नई पजेरो की कीमत भी पिछली पजेरो से कुछ ज्यादा है। दिल्ली में इसकी एक्सशोरूम कीमत 23.53 लाख रुपये रखी गई है। इंडिया में असेंबलिंग शुरू होने पर कीमत में काफी कमी हो सकती है।

किनसे होगा मुकाबला : इस नई पजेरो का सीधा मुकाबला टोयोटा की बेहद सफल एसयूवी फॉर्च्यूनर से रहेगा। 3.0 लीटर के डीजल इंजन से लैस फॉर्च्यूनर के लिए काफी लंबा वेटिंग पीरियड है। इस गाड़ी का सीधे तौर पर कोई कॉम्पिटिशन भी नहीं है। ऐसे में पजेरो स्पोर्ट्स के आने के बाद लोगों को नया ऑप्शन मिल गया है। हालांकि कीमत के लिहाज से देखें तो शेवरले कैप्टिवा और फोर्ड एंडेवर भी इसके मुकाबले खड़ी नजर आएंगी लेकिन लेकिन इनमें कम पावरफुल इंजन लगे हैं। (खालिद अमीन)